>

Title: Need to ensure supply of adequate quantity of fertilizers to farmers in Shrawasti Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय (श्रावस्ती): मेरे संसदीय क्षेत्र जनपद श्रावस्ती में उर्वरक की भारी कमी है जिसके कारण किसानों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, जिसका सीधा असर उनके आर्थिक स्तर पर पड़ता है। जनपद श्रावस्ती एवं बलरामपुर में उर्वरक की सप्लाई का एकमात्र स्रोत गोण्डा जंक्शन है। यहां लोकल डिस्ट्रीब्यूटर न होने के कारण उर्वरक की सप्लाई सरकारी/सहकारी समितियों द्वारा की जा रही है जोकि अपना कार्य संपादित कर पाने में पूर्णतया विफल है। जिसके कारण किसान को अत्यधिक मूल्य देकर उर्वरक खरीदना पड़ता है। जुलाई के प्रथम सप्ताह तक यहां सिर्फ एक रैक उर्वरक (गोण्डा जंक्शन) की सप्लाई संभव हो पाई है। विदित हो कि धान की बुआई एवं रोपाई के समय में पानी के साथ-साथ उर्वरक की भी जरूरत पड़ती है जो किसानों को इस समय उपलब्ध नहीं है।

अतः मैं सरकार से अनुरोध करूंगा कि स्थिति की गंभीरता को देखते हुए मेरे संसदीय क्षेत्र में उर्वरक की उपलब्धता हेतु गोण्डा जंक्शन पर उर्वरक का रैक अतिशीघ्र भिजवाने के साथ-साथ जनपद श्रावस्ती अथवा जनपद बलरामपुर में एक इफको का गोदाम खोला जाना सुनिश्चित करें, जिससे कि स्थानीय किसानों को समुचित मूल्य एवं समय पर उर्वरक उपलब्ध हो सके जिससे अनाज की उत्पादकता में बढ़ोत्तरी हो सके जिससे किसानों का आर्थिक एवं सामाजिक स्तर ऊंचा उठ सके।